T. M. Bhagalpur University, Bhagalpur-812007

Letter No. DSW/ 120/2026.............. Date ....03/06/2026.

सेवा में,
सभी प्रधानाचार्य
(अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय)
तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर

विषय : यू.जी. **(CBCS) Semester-I**, सत्र **2026–30** में नामांकन के संबंध में।

महोदय/महोदया,
उपरोक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि यू.जी. **(CBCS) Semester-I**, सत्र **2026–30** हेतु प्रथम मेधा सूची दिनांक **02.06.2026** को प्रकाशित की जा चुकी है तथा चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन दिनांक **04.06.2026** से प्रारंभ किया जाना है।
अतः आपसे अनुरोध है कि प्रथम मेधा सूची में चयनित अभ्यर्थियों के नामांकन के समय निम्नलिखित अभिलेखों/दस्तावेजों का मूल एवं छायाप्रति सहित सत्यापन सुनिश्चित करें—

1. समर्थ पोर्टल से डाउनलोड किया गया आवेदन प्रपत्र।
2. हाल का रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो।
3. अभ्यर्थी का पूर्ण हस्ताक्षर।
4. मैट्रिक (दसवीं) की अंकपत्र एवं मूल प्रमाण-पत्र।
5. इंटरमीडिएट (बारहवीं) की अंकपत्र एवं मूल प्रमाण-पत्र।
6. आरक्षण श्रेणी प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)।
7. जन्मतिथि से संबंधित प्रमाण-पत्र।
8. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्य आवश्यक दस्तावेज तथा
9. आधार कार्ड (यदि आपार **ID** हो तो) दोनों की छाया प्रति ।

सभी अभिलेखों का समुचित सत्यापन करने के उपरांत आवेदन प्रपत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति महाविद्यालय अभिलेख हेतु सुरक्षित रखें तथा अभ्यर्थी से लोक भवन सचिवालय एवं बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित/निर्धारित शुल्क जमा कराते हुए नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करें।
नामांकन कार्य की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने हेतु रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में भी नामांकन कार्य संचालित किया जाएगा।
अतः निर्धारित अवधि में नामांकन कार्य को सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

03.06.26
अध्यक्ष, छात्र कल्याण

Scanned with OKEN Scanner

पत्रांक सं० : DSW/121-65/2026 दिनांक : 03/06/2026

प्रतिलिपि प्रेषित :

1. सचिव, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना।
2. सभी प्रधानाचार्य (अंगीभूत एवं संबद्ध) महाविद्यालय, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर।
3. निदेशक, यू.डी.सी.ए., तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर।
4. जनसंपर्क पदाधिकारी, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर।
5. कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक को सूचनार्थ।
6. सहायक अधिसूचना रक्षक, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

03.06.26

अध्यक्ष, छात्र कल्याण

Scanned with OKEN Scanner